कार्यालय ग्रम पंचायत करयाली
विकास खण्ड बसन्तपुर जि0 शिमला।
mail ID- karyali.bpur@gmail.com

आज दिनाक 23.05..2023 को ग्राम पंचायत करयाली की मासिक बैठक प्रधान श्रीमती कमलेश कश्यप जी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। कोरम पूर्ण रहा।

क्रमांक जीपीके / 2023.24 दिनांक 05 / 06 / 2023

**प्रतिलिपि**

**प्रस्ताव न0 7 निर्माण सडक डौल से जैशी के निर्माण बारे।**

बैठक में उपरोक्त विषय बारे प्रस्ताव रखा गया कि गांव डौल से जैशी तक सडक का निर्माण किया जाना अत्यन्त आवश्यक है। क्योकी स्थानीय जनता को आने जाने में परेशनी का सामना करना पडता है। ग्राम पंचायत करयाली की अधिकतर जनता की भुमी ग्राम पंचायत भराडा में पडती है। जिस कारण उन लोंगों को आने जाने में परेशानी का सामना करना पडता है। लेकिन ग्राम पंचायत द्वारा DGBR रोड से गांव गराव तक छोटे वाहन वाला रोड निजी भुमी पर बनाया गया है। वह रोड काफी तंग है। रोड तंग होने के कारण छोटी गाडियों का जाना बहुत कम है। क्योकी सडक विना ग्रैड के बनाई गई है। जिस कारण स्थानिय लोगों को इस का लाभ प्राप्त नहीं हो पा रहा है। इस सडक के बन जाने से ग्राम पंचायत करयाली के अतिरिक्त पांच पंचायत को इस का लाभ प्राप्त होगा। रोड न होने के कारण स्थानिय लोंगों को भराडा जैशी जाने के लिए व मृत लोगों को शमशान घाट सतलुज नदी तक ले जाने को लगभग 25 से 30 किलोमीटर जाना पडता है।

अतः प्रस्तावित प्रस्ताव की प्रति माननीय लोक निर्माण एवम युवा सेवाऐं एवम खेल मंत्री हिमाचल प्रदेश सरकार व स्थानीय विधायक शिमला ग्रामीण आदरणीय विक्रमादित्स सिंह जी की सेवा में इस आश्य के साथ प्रेषित की जाती है। कि ग्राम पंचायत करयाली के गांव डौल से जैशी सडक निर्माण के कार्य को जल्द आरम्भ करने बारे आगामी आवश्यक कार्यवाही विभाग के साथ करने की कृपा करे। ताकी स्थानीय जनता को इस का लाभ प्राप्त हो सके। इस कार्य हेतू पंचायत सदैव आपकी आभारी रहेगी।

प्रतिलिपिः - 1 नोडल अधिकारी वन शिमला जिला शिमला को सुचनार्थ एवम आगामी आवश्यक कार्यवाही हेतू प्रेषित ।

2 जिला वन अधिकारी शिमला जिला शिमला को सुचनार्थ एवम आगामी आवश्यक कार्यवाही हेतू प्रेषित ।

3 अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग मण्डल थामी शिमला ग्रामीण को सुचनार्थ एवम आगामी आवश्यक कार्यवाही हेतू प्रेषित ।

सचिव
ग्राम पंचायत करयाली
विकास खण्ड बसन्तपुर
तहसील सुन्नी, जिला शिमला